जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

16/2015

A3

प्रकरण सं0 16/2015 अनवानी 1–श्री जोधासिंह पुत्र श्री गुरदीपसिंह जाति रायसिख साकिन सलेमपुरा तहसील अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर 2–श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह 3–श्री मलकीत सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह 4–श्री रणजीत सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह 5– हरबंस कौर बेवा प्रेमसिंह बनाम 1–उपजिलाधीश सादुलशहर 2– श्री जगसीर सिंह पुत्र श्री उगरसिंह जाति जटसिख साकिन अबोहरिया तहसील सादुलशहर 3– श्री परमजीतसिंह पुत्र श्री उगरसिंह 4–श्री उगरसिंह पुत्र श्री बदन सिंह

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

15.11.2016

प्रार्थीगण के अभिभाषक श्री ओमप्रकाश बतरा उपस्थित है। उन्हे सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रार्थीगण के अभिभाषक का कथन है कि प्रार्थीगण द्वारा उपजिलाधीश एवं पुर्नवास अधिकारी, सादुलशहर के न्यायालय में लंबित प्रकरण संख्या 11/2015 अनवानी जसवीर सिंह आदि बनाम गोपाल सिंह में निष्पक्ष न्याय न मिलने की संभावना के कारण अन्यत्र सक्षम न्यायालय में मुन्तकिल करवाने के लिए यह मुन्तकिली मुकदमा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। अब चूंकि प्रार्थीगण इस मुकदमा मुन्तकिली प्रा0 पत्र पर कोई कार्यवाही नही चाहते है अर्थात नॉट प्रैस करते है। इसलिए मुकदमा मुन्तकिली का यह प्रार्थना पत्र इसी आधार पर खारिज किया जाता है तो उन्हे कोई आपति नही है।

चूंकि प्रार्थीगण मुकदमा मुन्तकिली प्रा0 पत्र पर अब कोई कार्यवाही नही चाहते है अर्थात नॉट प्रैस किया है। इसलिए प्रार्थीगण का यह मुकदमा मुन्तकिली प्रार्थना पत्र इसी आधार पर खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति उपजिलाधीश एवं पुनर्वास अधिकारी, सादुलशहर को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

1368
15/11/16

आदेश आज दिनांक 15.11.2016 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

ज्ञा.रा.

(ज्ञाना राम)
जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर